**जातीय समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय**

**गृह मामलों का विभाग (होम अफेयर्स डिपार्टमेंट)**

गृह मामलों के विभाग ("HAD") की मुख्य भूमिकाओं में से एक सरकार और जनता के सदस्यों के बीच संचार को बढ़ाना है। इस संबंध में, HAD सरकार को नीतियां बनाने में सहायता करने और जिले में विभिन्न विभागों के काम को समन्वित करने के उद्देश्य से समुदाय की आकांक्षाओं को समझने और दर्शाने का प्रयास करता है।

विभिन्न जातियों के लोगों को विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सरकारी जानकारी और सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने में सक्षम बनाने को HAD बहुत अहमियत देता है। विभिन्न जातियों के लोगों के लिए जातीय समानता को प्रोत्साहित करने और हमारी सामुदायिक सेवाओं तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के उपाय किए गए हैं।

## A. सार्वजनिक पूछताछ सेवा

संबंधित सेवाएं

- जनता 18 जिला कार्यालयों में स्थित गृह मामलों के पूछताछ केंद्रों ("पूछताछ केंद्र") से सरकारी सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकती है। जनता की जातीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सार्वजनिक पूछताछ सेवा तक उनकी आसानी से पहुँच को सुनिश्चित करने के लिए सेवा के प्रावधान में भाषा की बाधा को दूर करने के लिए उपाय किए गए हैं।

मौजूदा उपाय

- विभिन्न जातियों की भाषाओं में सूचना पत्रक और पत्रिकाएं उपलब्ध कराए जाएंगे और साथ ही पूछताछ केंद्रों में प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे।
- जब विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ता ड्यूटी वकील सेवा द्वारा प्रशासित नि:शुल्क कानूनी सलाह योजना के तहत नि:शुल्क कानूनी सलाह लेते हैं, तो जहां आवश्यक और उचित हो वहां व्याख्या सेवा की व्यवस्था की जाएगी।

भविष्य के काम का मूल्यांकन

- विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ताओं से सुधार के लिए सुझावों को दर्ज किया जाएगा और विचार किया जाएगा।
- व्याख्या सेवा की प्रभावशीलता की समीक्षा और सुधार के लिए विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ताओं से प्रतिक्रिया एकत्र की जाएगी।

## B. निजी उपयोग के लिए घोषणा/शपथ लेने का प्रबंध

संबंधित सेवाएं

- जनता के सदस्य अपने निजी उपयोग के लिए हमारे पूछताछ केंद्रों में उपलब्ध हांगकांग की दो आधिकारिक भाषाओं (चीनी और अंग्रेजी) में से किसी एक में घोषणा/शपथ

| | | |
|---|---|---|
| | | (अथवा शपथ के बदले प्रतिज्ञान सहित) लेने की निःशुल्क सेवा का उपयोग कर सकते हैं। |
| मौजूदा उपाय | ● | यदि विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ता आधिकारिक भाषाओं से परिचित नहीं है, तो पूछताछ केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उनके लिए व्याख्या सेवा की व्यवस्था की जाएगी। |
| | ● | विभिन्न जातियों की प्रमुख भाषाओं में घोषणा/शपथ सेवा पर जानकारी पत्रक उपलब्ध कराए जाएंगे और पूछताछ केंद्रों में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे। |
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | ● | पूछताछ केंद्र के कर्मचारी विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को बेहतर समझने के लिए सर्वेक्षण के माध्यम से उनके विचारों का आकलन करेंगे और जहां आवश्यक और उचित हो, वहां सुधार करेंगे। |

## C. इस्टेट लाभार्थियों के लिए समर्थन सेवाएं

| | | |
|---|---|---|
| संबंधित सेवाएं | ● | HAD की इस्टेट लाभार्थी सहायता इकाई इस्टेट बेनेफिशियरी सपोर्ट यूनिट )("EBSU") प्रोबेट और प्रशासन अधिनियम (कैप. 10) की धाराओं 60B, 60C, 60D, 60E, 60F, 60G और 60K के तहत 11 फरवरी 2006 या उसके बाद की तारीख पर मृत व्यक्ति के इस्टेट के लाभार्थियों के लिए सहायता सेवाएं प्रदान करती है जिनमें मुख्य रूप से छोटी संपत्ति जो HK$ 50,000 से अधिक की ना हो उनके प्रशासन के लिए **पुष्टिकरण नोटिस** जारी करना और **बैंक जमा बॉक्स की जांच की आवश्यकता के प्रमाणपत्र** शामिल हैं। जनता की जातीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना इस्टेट लाभार्थी सहायता सेवाओं तक उनकी आसानी से पहुँच सुनिश्चित करने के लिए सेवा के प्रावधान में भाषा की बाधा को दूर करने के लिए उपाय किए गए हैं। |
| मौजूदा उपाय | ● | यदि विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ता आधिकारिक भाषाओं से परिचित नहीं है, तो पूछताछ केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उनके लिए व्याख्या सेवा की व्यवस्था की जाएगी। |
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | ● | विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ताओं से सुधार के लिए सुझावों को दर्ज किया जाएगा और विचारा जाएगा। |
| | ● | EBSU के कर्मचारी विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को बेहतर समझने के लिए सर्वेक्षण के माध्यम से उनके विचारों का आकलन करेंगे और जहां आवश्यक और उचित हो, वहां सुधार करेंगे। |
| किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | ● | विभिन्न जातियों की प्रमुख भाषाओं में सूचना पत्रक और पत्रिकाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे और EBSU के सेवा काउंटर पर प्रदर्शित किए जाएंगे। |

## D. कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • HAD कर्मचारियों की जातीय संवेदनशीलता के बारे में जागरूकता और जातीय भेदभाव अध्यादेश के बारे में उनकी समझ को बढ़ाना |
| मौजूदा उपाय | • HAD कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समान अवसर आयोग, सिविल सेवा कॉलेज या प्रासंगिक गैर-सरकारी संगठनों के साथ काम करना जारी रखेगा। |
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | • प्रशिक्षण सामग्री की विषय-सूची को समृद्ध करने की दृष्टि से कर्मचारियों की प्रतिक्रिया एकत्र की जाएगी। |

## E. पूछताछ

जातीय समानता को बढ़ावा देने पर HAD के मौजूदा और योजनाबद्ध उपायों पर पूछताछ को यहां निर्देशित किया जा सकता है -

- सार्वजनिक पूछताछ सेवा और निजी उपयोग के लिए घोषणा/शपथ लेने का प्रबंध


नाम: मिस केटी लेउंग (Miss Katie Leung)
पद: कार्यकारी अधिकारी (सार्वजनिक पूछताछ सेवा)
टेलीफोन नंबर: 2835 2500
फैक्स नंबर: 2834 3377
ईमेल: hadgen@had.gov.hk
डाक का पता: 29/F, Southorn Centre, 130 Hennessy Road, Wan Chai, Hong Kong


- इस्टेट लाभार्थियों के लिए समर्थन सेवाएं


नाम: मिस एल्सी वान (Miss Elsie WAN)
पद: वरिष्ठ लिपिक अधिकारी (एस्टेट लाभार्थी) 2
टेलीफोन नंबर: 2835 1535
फैक्स नंबर: 2122 9497
ईमेल: ebsu@had.gov.hk
डाक का पता: 3/F, Southorn Centre, 130 Hennessy Road, Wan Chai, Hong Kong

**गृह मामलों का विभाग (होम अफेयर्स डिपार्टमेंट)**
**मई 2024**